<u>समाचार</u>

<u>पटाखा दुकानों में सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें–आयुक्त</u>

<u>(आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल ने पटाखा दुकानों का निरीक्षण, पटाखा व्यापारी संघों से की चर्चा)</u>

कोरबा 08 नवम्बर 2015–आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल ने पटाखा दुकान संचालकों से कहा है कि दुकानों में सभी आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा सुरक्षा व्यवस्था के साथ किसी प्रकार का समझौता न करें। उन्होने कहा कि परिसर में पार्किंग व्यवस्था व साफ–सफाई पर ध्यान दें तथा स्वच्छता संदेश प्रदर्शित करने वाले बैनर परिसर व दुकानों पर लगाए।

आज आयुक्त श्री अग्रवाल ने टी.पी.नगर प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम परिसर के सामने स्थित मैदान में कोरबा पटाखा व्यापारी संघस द्वारा लगाए गए पटाखा दुकानों के स्टाल तथा बालको बस स्टैण्ड स्थित पटाखा दुकानों का निरीक्षण किया। उन्होने पटाखा व्यापारी संघों के अध्यक्षों, पदाधिकारियों एवं दुकान संचालकों से कहा कि जिन स्थानों पर इन दुकानों के स्टाल लगाए गए हैं वहां पर अग्निशामक वाहन के साथ–साथ आवश्यक सुरक्षा हेतु रेत भरी बल्टी, पानी आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें तथा दुकानों में की गई अस्थाई विद्युत वायरिंग को नियमित रूप से इलेक्ट्रीशियन से चेक कराते रहे। उन्होने कहा कि परिसर में पार्किंग के लिए स्थान नियत कर पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा परिसर की साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। आयुक्त श्री अग्रवाल ने उक्त दोनों व्यापारी संघों से कहा कि स्वच्छ का संदेश देने वाले बैनर अपनी–अपनी दुकानों एवं परिसर में लगाए, साथ ही पटाखों को सुरक्षित रूप से फोड़ने संबंधी संदेश भी लोगों तक पहुंचाये।

<u>अच्छे स्वच्छता संदेशों को किया जाएगा पुरूस्कृत</u>– आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल ने पटाखा दुकान संचालकों, घरों एवं आवासगृहों में रंगोली बनाने वालों तथा मिष्ठान दुकान, कपडा दुकान, इलेक्ट्रानिक उत्पाद दुकान, फल–फुल पूजा सामग्री दुकान, सहित अन्य समस्त दुकान संचालकों से अपील करते हुए कहा है कि वे दीपावली पर्व के अवसर पर अपने प्रतिष्ठानों में स्वच्छता संदेश देने वाली सजावट करायें। स्वच्छता का संदेश देती रंगोली निर्मित करें। उन्होने कहा कि स्वच्छता संदेश संबंधी उत्कृष्ट सजावटों एवं रंगोली में चयनित सजावट व रंगोली को निगम द्वारा पुरूस्कृत किया जाएगा।

<u>तीन वर्गो में दिये जाएंगे पुरूस्कार</u>– स्वच्छता संदेश देने वाली सजावटों के लिए पुरूस्कार देने हेतु तीन वर्ग बनाए गए हैं, प्रथम वर्ग पटाखा दुकानों का, दूसरा वर्ग रंगोली सजाने का तथा तीसरा वर्ग विभिन्न सामग्री विक्रय करने वाली दुकानों व प्रतिष्ठानों का रखा गया है। इन तीनों वर्गो में स्वच्छता संदेशों की अच्छी सजावटों के लिए प्रत्येक वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरूस्कार तथा प्रमाण पत्र प्रदान किये जाएंगे। **रंगोली या दुकानों में स्वच्छता संदेश देती सजावट के फोटोग्राफ्स नाम पता एवं मोबाईल नम्बर सहित वाट्सअप नम्बर 97520–94160 पर भेजे जा सकते है।**

संपादकव्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)